ndif]>

Title: Requests to keep dogri language in the eighth schedule of the constitution and need to release news bulletin in dogri language on Doordarshan.

श्री चमन लाल गुप्त (ऊधमपुर): सभापति महोदय, जम्मू कश्मीर में जम्मू और हिमाचल प्रदेश में लगभग एक करोड़ डोगरा लोग रहते हैं जो डोगरी भाषा का उपयोग करते हैं। डोगरी अपने आप में एक सम्पूर्ण भाषा है। इस सदन में बहस करते संविधान में संशोधन करके १८ भाषाओं को ८वीं अनुसूची में रखे जाने का प्रावधान किया है। हम लोग बड़े जोर से इस सदन मे मांग कर चुके हैं कि डोगरी भाषा को ८वीं अनुसूची में रखा जाये। जिस तरह बाकी भाषाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है, उसी तरह से डोगरी भाषा को प्रोत्साहन मिलना चाहिये।

सभापति महोदय, डोगरा लोगों ने हमेशा देश की आजादी के लिये बहुत बड़ा योगदान दिया है। इतना ही नहीं स्वतंत्रता के बाद देश की एकता और अखंडता की रक्षा करते हुये १७ लोग शहीद हो चुके हैं। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी उनमें से एक थे। उन डोगरी लोगों ने हमेशा राष्ट्रीय दृष्टिकोण रखा है। इस बात को देखते हुये डोगरी भाषा को ८वीं अनुसूची में रखा जाये। साथ ही यह मांग भी करता हूं कि जिस तरह दूरदर्शन पर अन्य भाषाओं के न्यूज बुलेटिन होते हैं, डोगरी भाषा में भी न्यूज बुलेटिन प्रसारित किया जाये।